ज्ञानेश्वर ने कुशीनगर के विकास व समाजोत्थान में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका - म्यांमार राजदूत

कुशीनगर । कुशीनगर भिक्षु संघ के अध्यक्ष रहे अग्गमहापण्डित भदंत ज्ञानेश्वर की 91 वीं जयंती पर मंगलवार को म्यांमार बुद्ध मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रात:काल महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर में पूजा हुई, बोधिवृक्ष पर जल च ?ाया गया। उसके बाद ज्ञानेश्वर स्मृति स्थल पर बने बौद्ध धर्म की परंपराओं को आगे बढ़ाने, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बौद्ध संबंधों को सुदृढ़ करने तथा समाज में भगवान बुद्ध के विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने अपने गुरु की स्मृति एवं सम्मान में महाविद्यालय परिसर में एक भव्य पाली भवन का निर्माण कराया जिसमें



मंदिर का राजदूत ने उद्घाटन किया। वक्ताओं ने ज्ञानेश्वर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें कुशीनगर का विकास पुरुष बताया। मुख्य अतिथि म्यांमार के राजदूत यू ऐ मिन हत्वे ने कहाकि एबी ज्ञानेश्वर ने कुशीनगर के विकास व समाजोत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने शिक्षण केंद्र, समृद्धि चैत्य व बुद्ध विहारों का निर्माण कराया। मैं यहां आकर अपने को सौभाग्यशाली मानता हूं। कहाकि म्यांमार भारत के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाएगा। विशिष्ट अतिथि बुद्ध पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो विनोद मोहन मिश्र ने कहाकि एबी ज्ञानेश्वर ने पालि की कक्षाएं चल रहीं हैं। भिक्षु नन्दा, भिक्षु शीलप्रकाश,भिक्षु वन्नाधजा, भिक्षु चंदिमा, संजय कुमार, एड विश्वम्भरनाथ, आदि ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता भिक्षु नन्दका व संचालन भिक्षु डॉ नन्दरतन ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ ज्ञानेश्वर के चित्र पर पुष्पार्चन, बुद्ध वंदना व भिक्षु नन्दा द्वारा दिए त्रिशरण पंचशील से हुआ। इस दौरान भिक्षु महेंद्र थेरो, भंते अशोक, फा सोंगक्रान, भंते समित, भिक्षुणी धम्मनैना, भंते सागरा, लामा कोंचोक टेंगकयोंग, डॉ नरेंद्र प्रताप सिंह, अवधेश दूबे, अनुपम पाठक, कुमकुम, आलोक, कलारानी सिंह, राजेश सिंह, आदि मौजूद रहे।

भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव पर निकली शोभा यात्रा

फाजिलनगर कुशीनगर। जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव पर जैन धर्म के अनुयाइयों ने भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा निकालने से पूर्व मंदिर के पुजारी अजय जैन के साथ जैन धर्मावलंबियों ने कस्बे स्थित जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और सुख-समृद्धि की कामना की।

इसके बाद मंदिर परिसर से यात्रा निकाली गई। जो कालेज रोड, मुख्य बाजार, बाबू बाजार और ब्लाक रोड होते हुए पुन: जैन मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। रास्ते में लोगों ने श्रद्धा के साथ भगवान महावीर का स्मरण किया।जैन धर्म की मान्यता के अनुसार कार्तिक अमावस्या की रात्रि में भगवान महावीर स्वामी ने पावापुरी में निर्वाण प्राप्त किया था। इसके अगले दिन उनके प्रमुख शिष्य इंद्रभूति गौतम स्वामी को



केवलज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इसी उपलक्ष्य में जैन समाज कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को नए वर्ष के रूप में मनाता है, जिसे वीर निर्वाण संवत कहा जाता है। कार्यक्रम में जैन समाज के लोगों ने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और जीवों के प्रति करुणा के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। शोभा यात्रा में पुष्पदंत जैन, पुखराज जैन, डा मृत्युंजय ओझा, डा मनोज कुमार जैन, प्रेमचंद्र जैन, रानी जैन, काजल जैन, अंजलि जैन, संजय जैन आदि मौजूद रहे।

श्रीरामजानकी मठ कसया में श्रद्धा और उल्लास के साथ मना अन्नकूट उत्सव

कसया कुशीनगर। नगर स्थित श्रीरामजानकी मंदिर मठ परिसर में मंगलवार को अनवरत 40वें वर्ष अन्नकूट उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। महंत त्रिभुवन शरण दास एवं पुजारी देव नारायण शरण ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद ठाकुर जी को 56 प्रकार के पारंपरिक व्यंजनों का भोग अर्पित किया। इसके बाद हजारों श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद वितरित किया गया। ढोल, नगाड़े, घंटे-घड़ियाल और जयकारों से पूरा मठ परिसर भक्तिमय बना रहा। दिनभर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। अन्नकूट उत्सव के माध्यम से लोगों ने पारंपरिक धार्मिक संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। यह आयोजन



नगर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा के साथ सामाजिक एकता का भी प्रतीक बना। इस अवसर पर विधायक कुशीनगर पीएन पाठक की धर्मपत्नी मीनू पाठक, नपाप अध्यक्ष किरन जायसवाल, प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, परशुराम दास, डा. नित्यानन्द श्रीवास्तव, इन्द्रासन प्रसाद संतजी, सुरेश तिवारी, सुरेश प्रसाद गुप्ता, दिनेश तिवारी, इंद्र कुमार मिश्र, डॉ. हरिओम मिश्र, राघवेंद्र तिवारी, अनमोल तिवारी, नागेंद्र पांडेय, मनीष चौरसिया, ममता कश्यप, गुड्डी मदेशिया, गंगोत्री देवी, खुशी, अमिय कुमार, राजेश मदेशिया, केशव सिंह, राजू मदेशिया, सुभाष चंद्र दूबे, सिबलू सिंह, कामोद दूबे सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मूर्ति विसर्जन से लौट रहे दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला, हालत गंभीर

हाटा(कुशीनगर)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के देवराजपुर में सोमवार रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। आरोप है कि धारदार हथियार से मनोज चौहान और पतीन्द्र चौहान की गर्दन पर हमला किया गया। दोनों गंभीर रूप से घायल हैं और उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। हाटा कोतवाली क्षेत्र के देवराजपुर में सोमवार की रात दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर जमकर मारपीट हुई। इस दौरान मनबढ़ों ने दो युवकों पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों युवकों की गर्दन पर वार किए जाने से उनकी हालत गंभीर हो गई।

घायलों को कुशीनगर मेडिकल कॉलेज से बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया है, जहां दोनों जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन कर कुछ युवक रात में घर लौट रहे थे। इसी दौरान देवराजपुर के उत्तर दोनों पक्षों के युवक आमने-सामने आ गए। बताया जा रहा है कि लंगड़ी यादव टोला और देवराजपुर के चौहान टोला के बीच करीब एक वर्ष से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी पुरानी रंजिश में दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि इसी दौरान कुछ युवकों ने मनोज चौहान (35) पुत्र ज्वाला चौहान और पतीन्द्र चौहान (16) पुत्र नंदू पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। दोनों की गर्दन पर वार किए जाने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में ग्रामीणों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर हाटा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

गांव में तनाव को देखते हुए एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया = इस संबंध में हाटा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास

गोरखपुर। हमारा उद्देश्य ग्राहकों को बिना किसी रुकावट के सेवाएं देना, उनके साथ बेहतर संबंध बनाना और उनकी बदलती जरूरतों के अनुसार वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। पिरामल फाइनेंस कंपनी ने कमल फिनकैप प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित की जा रही 28 ग्रामीण ऋण शाखाओं का संचालन अपने हाथ में ले लिया है। इस बदलाव के बाद पिरामल फाइनेंस इन सभी 28 शाखाओं का संचालन सीधे करेगी। इस बारे में जानकारी देते हुए पिरामल फाइनेंस के चीफ बिजनेस ऑफिसर सैयद इम्तियाज अहमद ने कहा कि हमारा प्रयास भरोसेमंद वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता ग्रामीण परिवारों, स्वरोजगार करने वाले लोगों और छोटे व्यवसायियों की आर्थिक जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपनी शाखाओं का संचालन सीधे अपने हाथ में लेकर पिरामल फाइनेंस का उद्देश्य ग्राहकों को लगातार वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराना और उनकी जरूरतों के अनुसार व्यक्तिगत सहायता देना है।

राजापाकड़ में सीसी सड़क व हाईमास्ट लाइट का विधायक ने किया लोकार्पण

तुर्कपट्टी,कुशीनगर। तमकुही विकासखंड के राजापाकड़ गांव में जीतेश्वर शिवमंदिर से मुख्य पिच सड़क होते हुए गणेश मिश्र के घर तक विधायक निधि से निर्मित सीसी सड़क व मंदिर के मेला परिसर में स्थापित हाईमास्ट लाइट का क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार



कुशवाहा ने लोकार्पण किया। भागवत कथा विशेषज्ञ पं. पंकज कृष्ण शास्त्री और मंदिर के पुजारी सुनील मिश्र के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधायक ने फीता काटकर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर सड़क व हाईमास्ट लाइट को आमजन के लिए समर्पित किया।

विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि सड़क केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का माध्यम नहीं, बल्कि गांव के विकास, सामाजिक संपर्क और आर्थिक प्रगति की मजबूत आधारशिला होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़कें उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। गांव की छोटी-छोटी सड़कों का निर्माण भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना मुख्य मार्गों का निर्माण, क्योंकि इन्हीं रास्तों से होकर बच्चे विद्यालय जाते हैं, किसान अपने खेतों तक पहुंचते हैं और ग्रामीणों को बाजार, अस्पताल सहित अन्य जरूरी सुविधाओं तक पहुंचने में सहूलियत मिलती है। उन्होंने कहा कि राजापाकड़ में इस सड़क के निर्माण से स्थानीय लोगों की आवागमन संबंधी परेशानी दूर होगी। विशेषकर बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव के कारण होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में लगातार काम हो रहा है। गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीबों को आवास, मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित कर रही है। सरकार का संकल्प है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में क्षेत्र की जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। उनका प्रयास है कि विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे। विकास की योजनाएं कागजों तक सीमित न रहकर धरातल पर दिखाई देनी चाहिए। जनहित से जुड़े कार्यों के लिए आगे भी निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। यज्ञ समिति राजापाकड़ धाम के अध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में राजनारायण मिश्र उर्फ चुन्नू, मृत्युंजय सिंह मोनू, रामप्रीत गोंड, संदीप उर्फ भोलू यादव, सत्यनारायण यादव, ईश्वरचंद गुप्त, रवींद्र यादव, मुकेश यादव, हरिशंकर कुशवाहा, पप्पू यादव, विजय श्रीवास्तव, संजय पासवान आदि ने सड़क निर्माण व हाईमास्ट लाइट की स्थापना के लिए विधायक के प्रति आभार जताते हुए मेला परिसर में सभी सुविधाओं से युक्त रैन बसेरा की मांग की। अध्यक्षता भाजपा के मंडल अध्यक्ष अमलेश तिवारी ने की तथा संचालन मंडल मंत्री अभिषेक तिवारी उर्फ बिट्टू ने की। इस दौरान कार्यदाई संस्था आरईएस के जेई संतोष कुमार, महंथ गुप्ता, प्रशासक प्रतिनिधि सिकंदर शर्मा, बूथ अध्यक्ष, लोकनाथ सिंह, संतोष गोंड, सिद्धू शर्मा, अजिताभ उर्फ भोलू शाही, छोटे ठाकुर, दीपक गुप्ता, रवीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

हाटा पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हाटा(कुशीनगर)। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा व क्षेत्राधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह कसया कुशीनगर के कुशल पर्वेक्षण व प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह



के नेतृत्व मे वांछितो के विरुद्ध गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे दिनांक 10.11.2026 को मु0अ0स0 569/2026 धारा 115(2)/109/191(2) बीएनएस व अभियोग उपरोक्त से संबन्धित वांछित अभियुक्त 1. रविप्रताप यादव पुत्र जयप्रकाश यादव ग्राम लंगडी थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर उम्र करीब 23 वर्ष 2. अभय सिंह पुत्र कमलेश सिंह ग्राम सकलौली थाना को0हाटा जनपद कुशीनगर उम्र 21 वर्ष 3. सचीन यादव पुत्र श्री यादव ग्राम लंगडी थाना को0हाटा जनपद कुशीनगर उम्र करीब 19 वर्ष को देवराजपुर पिपरा खाड़े टोला पुल से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम मे उपनिरीक्षक शुभम वर्मा,हेड कांस्टेबल मनीष गुप्ता, कांस्टेबल देवेश राय,सुजीत यादव एवं अंजनी राय थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर मौजूद रहे।

छठ पर्व पर पडरौना और कसया में तीन दिन रहेगा रूट डायवर्जन, शहर में चारपहिया वाहनों की नो एंट्री

पडरौना, कुशीनगर। छठ पर्व पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ और श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए यातायात पुलिस ने पडरौना और कसया कस्बे में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। इसके तहत 13 से 15 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह आठ बजे से रात 10 बजे तक रूट डायवर्जन और नो एंट्री लागू रहेगी। वहीं, 15 नवंबर की रात दो बजे से छठ पूजा समाप्त होने तक भी यह व्यवस्था प्रभावी रहेगी। यातायात व्यवस्था के तहत जलकल तिराहा, शिवाला मंदिर तिराहा, राधाकृष्ण मंदिर के आगे कन्नौजिया वार्ड तिराहा, आलू मंडी के निकट तिराहा, छुछिया गेट, जटहां तिराहा, पीएनबी तिराहा और चहाड़िया तिराहा से विशेष परिस्थितियों को

❑छठ पूजा की खरीदारी को लेकर यातायात पुलिस ने जारी की नई व्यवस्था, 13 से 15 नवंबर तक लागू रहेगा डायवर्जन

छोड़कर चारपहिया वाहनों और ई-रिक्शा का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पडरौना से कसया की ओर जाने वाले चारपहिया और अन्य व्यावसायिक वाहनों को बैरिया कांटा से गोपालगढ़ बाईपास होकर गुजरना होगा। वहीं, देवरिया से कसया होते हुए पडरौना आने वाले वाहन कसया ओवरब्रिज से गोपालगढ़ और बैरिया कांटा के रास्ते अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। गोरखपुर से कसया होकर पडरौना आने वाले भारी और चारपहिया वाहनों के लिए भी हाईवे बाईपास, गोपालगढ़ और बैरिया कांटा का मार्ग निर्धारित किया गया है। छठ पर्व की खरीदारी के लिए आने वाले लोगों के वाहनों की पार्किंग उदित नारायण डिग्री कॉलेज के सामने खाली मैदान, सुभाष चौक के पास सोसाइटी के निर्धारित परिसर तथा रेलवे स्टेशन के निकट गृहस्थी स्टोर के बगल में पूर्व निर्धारित ऑटो स्टैंड पर की जाएगी। कसया में चारपहिया वाहनों की पार्किंग रोडवेज के पास स्थित बेनेट क्लब में निर्धारित की गई है। भीड़ बढ़ने की स्थिति में एयरपोर्ट जाने वाली बायीं लेन में भी वाहनों को खड़ा कराया जाएगा। यातायात पुलिस ने छठ पर्व की खरीदारी के लिए बाजार आने वाले लोगों से चारपहिया वाहनों के बजाय दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल करने की अपील की है। आपातकालीन वाहनों को छोड़कर अन्य चारपहिया वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस ने लोगों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का अनुरोध किया है।

पूर्वांचल व्यापार मंडल का 26वां दीपावली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

पडरौना, कुशीनगर। पूर्वांचल व्यापार मंडल की ओर से संगठन के कैंप कार्यालय पर 26वें



दीपावली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह में संगठन के पदाधिकारियों, व्यापारियों और गणमान्य लोगों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी सौहार्द एवं संगठनात्मक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में पूर्वांचल व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और विजय प्रकाश पांडेय प्रदेश प्रभारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने व्यापारियों की एकजुटता, उनके हितों की रक्षा और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस दौरान बका सिंह, ओमप्रकाश यादव, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी संतोष वर्मा, लखनऊ प्रभारी रवि सिंह, पूर्वांचल व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष, मंडल प्रवक्ता निर्मला शाह, आदित्य सैनी, संतोष सैनी, सिराज अहमद, भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक रवि कीर्ति तथा प्रदेश महामंत्री अशोक मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन अशोक मिश्रा ने किया। समारोह में मुख्तार अहमद, धनंजय मिश्रा, सुधीर कोहली, प्रमोद शाह, श्रीकांत पटेल, राजन सिंह पटेल, अनिल ठाकुर, अश्वनी कुमार शर्मा सहित अधिवक्ता, जीएसटी एवं आयकर से जुड़े लोग तथा सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

❑ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नाथू सिंह पटेल रहे मुख्य अतिथि, प्रदेश व जिला पदाधिकारियों समेत सैकड़ों व्यापारी हुए शामिल

उपाध्यक्ष नाथू सिंह पटेल मुख्य अतिथि तथा राजेश सैनी प्रदेश

अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

भटनी(देवरिया)। स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि 8 नवंबर को उप निरीक्षक नितिन साहू मय हमराह हेड कांस्टेबल अशोक कुमार व कांस्टेबल शिवप्रताप चौधरी के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पीले रंग के झोले में अवैध शराब लेकर बिहार की तरफ जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने रेलवे कॉलोनी रोड से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी की। कुछ देर बाद एक व्यक्ति हाथ में पीले रंग का झोला लिए आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह भागने लगा, जिसे दौड़ाकर घेरकर पकड़ लिया गया। झोले की तलाशी में 10 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया।पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम विजय कुमार पाण्डेय निवासी हरिकिर्तन मोहल्ला, कस्बा भटनी, थाना भटनी बताया। शराब रखने के संबंध में वह कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका।

दौड़ प्रतियोगिता में अभिषेक निषाद ने मारी बाजी

भटनी,देवरिया । स्थानीय क्षेत्र के बटउवा बाबा केरवनिया घाट के सौजन्य से मंगलवार को आयोजित दो किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता में गोरखपुर के अभिषेक निषाद ने प्रथम स्थान हासिल किया। गोरखपुर



के ही प्रिंस निषाद दूसरे और सलेमपुर के मनोज राजभर तीसरे स्थान पर रहे।प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. आशुतोष उपाध्याय उर्फ बबलू ने फीता काटकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से युवाओं में अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ता है। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसी प्रतियोगिताएं जरूरी हैं । इस अवसर पर कोच संदीप यादव, अरविंद यादव, विकास साहनी, सुमंत यादव, अजय यादव, सुनील यादव, पंकज प्रसाद, ओमकार राय, चंद्रशेखर उपाध्याय व अजय तिवारी मौजूद रहे।

मारपीट के आरोप में दो पर मुकदमा दर्ज

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम नोनापार के फुलवरिया टोला में हुई मारपीट की घटना में गाँव के ही दो लोगों पर मुकदमा दर्ज। ग्राम नोनापार फुलवरिया थाना भटनी निवासी भीम पुत्र प्रभुनाथ ने गाँव के ही विशाल ,रवि पुत्रगण जितेंद्र पटेल पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने मे दिये गये तहरीर में लिखा है कि सोमवार को घर के बगल में लक्ष्मी की मुर्ति के पास मै और मेरा छोटा भाई नवनीत पटेल बैठे थे ।तभी विशाल एवं रवि आकर अचानक गाली देते हुए लाठी डण्डे से मारने पीटने लगे ।शोर सुनकर गाँव के लोग आ गये ।तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले । पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही कर रही है ।